असाइनमेंट :- 4 विषय :- हिंदी कक्षा :- चौथी शिक्षिका :- श्रीमती इंदरजीत कौर

नाम :- ________________ सेक्शन :- _________ रोल नंबर :- ________ दिनांक :- /7/2021

पाठ-5
मदन मोहन मालवीय

नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

मौखिक प्रश्न / उत्तर

(क) काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक कौन थे ?

उत्तर मदनमोहन मालवीय |

(ख) मदनमोहन मालवीय जी का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

उत्तर 25 दिसंबर, 1861 को इलाहाबाद में |

(ग) मालवीय जी कौन-कौन सी भाषाओं के ज्ञाता थे ?

उत्तर संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी |

(घ) मालवीय जी कितने वर्षों तक विश्वविद्यालय के कुलपति रहे ?

उत्तर उन्नीस वर्षों तक |

(ङ) मदनमोहन मालवीय जी के स्वभाव की क्या विशेषताएँ थी ?

उत्तर मालवीय जी में मानवता कूट-कूटकर भरी थी | उनके हृदय में देश और देशवासियों के प्रति अपार स्नेह था |

लिखित प्रश्न / उत्तर

(क) मालवीय जी का सपना क्या था ?

उत्तर मालवीय जी का सपना ऐसे विश्वविद्यालय की स्थापना करना था जहाँ लड़कों के साथ - साथ लड़कियों के लिए भी आगे बढ़ने के समान अवसर हों |

(ख) मालवीय जी ने विश्वविद्यालय की स्थापना करने के लिए किस प्रकार धन इकट्ठा किया ?

उत्तर मालवीय जी ने विश्वविद्यालय की स्थापना करने के लिए घूम - घूमकर धन इकट्ठा किया |

(ग) सेठ मालवीय जी से मिलने क्यों नहीं आया ?

उत्तर मालवीय जी को एक लाख रुपए की आवश्यकता थी | सेठ यह बात जानता था कि यदि वह उनसे मिलेगा तो रुपए देने ही पड़ेगें |

(घ) किस घटना से पता चलता है कि मालवीय जी को विश्वविद्यालय से बहुत लगाव था ?

उत्तर जब एक विद्यार्थी ने दीवार के कोने पर कुछ लिख दिया तो मालवीय जी ने उस विद्यार्थी को समझाया और स्वयं जेब से रुमाल निकाल कर दीवार को साफ़ किया |

(ङ) राष्ट्र की उन्नति के प्रति मालवीय जी का क्या विश्वास था ?

उत्तर मालवीय जी का विश्वास था कि राष्ट्र की उन्नति तभी संभव है | जब वहाँ के निवासी सुशिक्षित हो|

(च) मालवीय जी 'महामना' क्यों कहलाए ?

उत्तर मालवीय जी ने अपनी निष्ठा, लगन, मेहनत और दृढ़ निश्चय के बल पर विश्वविद्यालय की स्थापना की और महामना मदन मोहन मालवीय कहलाए |